हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–156 : जौनपुर, सोमवार 20 फरवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## निवेश को जमीन पर उतारने के लिए काम शुरू : शहरी क्षेत्रों में 634 हेक्टेयर का लैंडबैंक तैयार

लखनऊ ब्यूरो : वैश्विक निवेशक सम्मेलन (जीआईएस) में मिले प्रस्तावों को जमीन पर उतारने के लिए तेजी से काम शुरू हो गया है। आवास विभाग ने इनके आधार पर भूमि उपलब्ध कराने के लिए अब तक 634.449 हेक्टेयर का लैंडबैंक तैयार किया है। जरूरत के मुताबिक यह भूमि निवेशकों को उपलब्ध कराई जाएगी। जीआईएस में होटल, लॉजिस्टिक, पर्यटन जैसे सेक्टर में निवेश के बड़े प्रस्ताव आए हैं। ये ऐसे सेक्टर हैं, जिसके निवेशकों को शहरी क्षेत्र में ही जमीन की जरूरत होगी। इसके मद्देनजर ही सरकार ने सम्मेलन के पहले से ही आवास एवं नियोजन विभाग को आवास विकास परिषद और विकास प्राधिकरणों को लैंडबैंक तैयार करने को कहा था। प्रमुख सचिव आवास एवं नियोजन नितिन रमेश गोकर्ण ने सभी विकास प्राधिकरणों को लैंडबैंक तैयार कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में अब तक आवास विकास परिषद समेत 14 विकास प्राधिकरणों ने उपलब्ध 634.449 हेक्टेयर भूमि के बारे में रिपोर्ट शासन को भेज दी है। उधर, आवास विभाग भी इस उपलब्धता के मुताबिक सेक्टरवार निवेशकों को भूमि आवंटन की प्रक्रिया तैयार करने में जुट गया है। आवंटन का प्रस्ताव तैयार करके जल्द ही




मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा। इन सेक्टरों को दी जाएगी भूमि ट्रांसपोर्ट, होटल, सीएनजी फिलिंग स्टेशन, सिटी क्लब, स्कूल, ग्रुप हाउसिंग, सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, नर्सिंगहोम, सेंटर प्लाजा। नीलामी के आधार पर इन्हें जमीन दी जाएगी। शहरी क्षेत्र की जमीन होने की वजह से कीमत अधिक होगी और भूमि की व्यवस्था के लिए किसानों से बातचीत की जा रही है।

## पूर्व प्रधान समेत अन्य नौ पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पंवारा थाना क्षेत्र के सराय बीका बाजार निवासी अजय कुमार गुप्ता ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर अन्य 9 लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा न्यायालय से दर्ज कराया। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र में बताया कि हमारी पुश्तैनी जमीन में लकड़ी काटने की आरा मशीन लगा हुआ है। जिसका लाइसेंस सरला गुप्ता के नाम से है। पूर्व प्रधान संतोष आरा मशीन चलाने के लिए थे। कुछ समय बाद धोखधड़ी से जमीन का फाट जीबनवा कर जमीन अपने नाम करा लिये। जमीन के 6 हिस्सेदार थे। जिसमें 3 से जमीन संतोष कुमार एवं अन्य के नाम बैनामा करवा लिया। पीड़ित के अनुसार इसकी जानकारी जब उसे हुई तो उसने न्यायालय प्रार्थना पत्र देकर संतोष कुमार, सतीश कुमार, शांति देवी, उमा देवी ,नवीन गुप्ता, अमित गुप्ता, कलावती देवी, सुरेंद्र बहादुर, दिनेश कुमार ,सुरेश चंद्र, के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया।

## ग्राम पंचायत सवायन के रिक्त पड़े प्रधान पद पर तीन तो सदस्य के लिए एक ने किया नामांकन पत्र दाखिल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सुइथाकलां क्षेत्र के ग्राम पंचायत सवायन के रिक्त पड़े ग्राम प्रधान व सदस्य पद के लिए सोमवार को प्रत्याशियों ने ब्लाक मुख्यालय पर समर्थकों संग पहुँचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। गौरतलब हो कि ग्राम प्रधान अरविन्द कुमार की असामयिक निधन से उक्त पद रिक्त पड़ा हुआ था।जिसके लिए सोमवार को जहाँ दीपक कुमार पुत्र रामप्यारे,अनीता पत्नी स्व.अरविन्द व संजू पत्नी स्वारथ ने प्रधान पद के लिए अपने समर्थकों संग स्थानीय ब्लाक मुख्यालय पर पहुँचकर नामांकन पत्र दाखिल किया ,वहीं ग्राम पंचायत सदस्य के लिए मीरा पत्नी रत्तीलाल ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।इस आशय की जानकारी देते हुए सहायक निर्वाचन अधिकारी एडीओ आईएसबी सुरेन्द्र नाथ ने बताया कि ग्राम प्रधान के लिए तीन और ग्राम पंचायत सदस्य के लिए एक पर्चा दाखिल किया गया।इस दौरान खंड विकास अधिकारी सर्वेश मोहन श्रीवास्तव,एडीओ पंचायत राजेश कुमार समेत थाना प्रभारी विक्रम लक्ष्मण सिंह मय फोर्स के साथ मौजूद रहे।

## गोरखपुर ईलाज के दौरान महिला की मृत्यु : संचालक गिरफ्तार

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गोला तहसील क्षेत्र के थाना उरुवा बाजार में 3 वर्ष पूर्व अस्पताल का रजिस्ट्रेशन करा कर अवैध रूप चल रहे अस्पताल संचालक को उरुवा पुलिस ने संचालक को गिरफ्तार किया। यह अस्पताल सीएमओ के यहां से रिनुअल नहीं कराया गया। अवैध तरीके से अस्पताल चलता रहा। अस्पताल में प्रसूता को भर्ती कराया गया। प्रसूता की मृत्यु हो जाने पर परिवार जनों ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया गया। गोरखपुर में इस तरह के दर्जनों अस्पताल अवैध तरीके से चल रहे हैं,जहां एक ही डॉक्टर कई अस्पतालों का संचालन कर रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर ने पुलिस लाइन वाइट हाउस सभागार में प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि अवैध तरीके से अस्पताल चलाने वाले संचालकों व डॉक्टरों ऊपर नकेल कसने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएंगे। आज उरुवा पुलिस ने संचालक अभियुक्त संजय तिवारी पुत्र स्व0 केशभान तिवारी निवासी मटहरिया पोस्ट खिरकिटा दिगर थाना गोला जनपद गोरखपुर (संचालक के.बी. मेमोरियल अस्पताल उरुवा बाजार) को गिरफ्तार किया एसएसपी ने बताया कि 17 फरवरी को को वादिनी मुकदमा अपनी पुत्रवधू पूजा देवी पत्नी जितेन्द्र पता उपरोक्त जो गर्भवती थी, को प्रसव के लिए के0वी0 मेमोरियल हास्पिटल उरूवा बाजार जनपद गोरखपुर लाया गया।जहां अस्पतला के संचालक संजय तिवारी पुत्र स्व0 केशभान तिवारी निवासी मटहरिया पोस्ट खिरकिटा दीगर थाना गोला जनपद गोरखपुर मय स्टाफ व डा0 मनीष पाण्डेय अपने टीम के साथ मौजूद थे।




उपरोक्त लोगो ने प्रार्थिनी के पुत्रवधू का सर्जरी द्वारा डिलीवरी कराने की बात कही जिसके लिए 50,000 रूपया एडवांस मे ले लिए तथा डाक्टर मनीष पाण्डेय उपरोक्त अपने टीम के साथ समय करीब रात साढ़े नव बजे सर्जरी किया। जिससे पुत्री का जन्म हुआ ।सर्जरी बाद जच्चा बच्चा दोनो ठीक थे दिनांक 18.फरवरी को सूबह करीब 09.30 बजे पूजा उपरोक्त की तवियत अत्यधिक खराब हो गयी ।अस्पताल के लोगो द्वारा प्राइवेट वाहन में बैठाकर जिला महिला चिकित्सालय गोरखपुर रेफर कर दिया। रास्ते मे जाते समय पूजा उपरोक्त की मृत्यु हो गयी ।जिसके सम्बन्ध मे वादिनी के तहरीर पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 33/23 धारा 304 भादवि बनाम 1. संजय तिवारी (संचालक के.बी. मेमोरियल अस्पताल उरुवा बाजार ) , 2. डा0 मनीष पाण्डेय (आपरेशन कर्ता ) व 3. इनके अन्य सहयोगी स्टाफ नाम पता अज्ञात पंजीकृत किया गया है ।अब तक की जाँच से यह पाया गया है कि उक्त अस्पताल वर्तमान में सीएमओ ऑफिस में पंजीकृत नही है व इसमें अनाधिकृत रूप से मरीजों का ईलाज किया जाता है।

## एसकेडी एकेडमी के चन्द्रेश्वर महादेव मंदिर में भव्य रूद्राभिषेक एवं भण्डारे का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एस0के0डी0 एकेडमी की वृन्दावन शाखा के प्रांगण में महाशिव रात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान चन्द्रेश्वर महादेव मन्दिर जोकि एस0के0डी0 एकेडमी की वृन्दावन शाखा में स्थित है उसमें भव्य रूद्राभिषेक का आयोजन हुआ। सम्पूर्ण एस0के0डी0 परिवार ने दूध, दही, बेलपत्र, धतूरा, बेल एवं पुष्प आदि से शिव जी का अभिषेक किया। सभी उपस्थित जनों ने शिव जी के जयकारे लगाये। जिससे कि पूरा प्रांगण भक्तिमय हो उठा। रूद्राभिषेक के बाद सभी ने कई भजन गाये कीर्तन किया। एस0के0डी एकेडमी की सभी शाखाओं के समस्त स्टफ सभी अध्यापक अध्यापिकाओं, प्रधानाचार्यों व उप प्रधानाचार्यों ने आयोजन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर एस0 के0 डी0 सिंह (संस्थापक), मनीष सिंह (निदेशक), एवं पूरे



परिवार ने श्रद्धा भक्ति से अभिषेक कर पूजा अर्चना की। समस्त जन ने आरती के बाद मंगल गीत गाये। इस अवसर पर संस्था के निदेशक मनीष सिंह ने शिव जी की गुणों का वर्णन किया एवं इस त्योहार का महत्व बताया। पूजा का समापन प्रसाद वितरण से हुआ।

## पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश घायल एक फरार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार देर रात नेवढिया,मछलीशहर एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरे घायल हो गए दोनो के पैर में लगी गोली। जबकि मौके से एक बदमाश भागने में सफल रहा है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करते हुए इनके कब्जे से एक पिस्टल एक तमंचा 315 बोर व कारतूस,घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल व लूट के सोने चाँदी के जेवरात बरामद किया है। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि नेवढ़िया में एक लूट की घटना हुई थी जिसमे अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था उसी को लेकर थाना प्रभारी व स्वाट सर्विलांस की टीम इस घटना के खुलासे पर काम कर रहे थे तभी एक सूचना मिली की कुछ अज्ञात लोग किसी घटना को अंजाम देने वाले हैं जो इस रास्ते से जा रहे हैं पुलिस द्वारा नेवढ़िया थाना क्षेत्र के सहजनी गांव के पास चेकिंग अभियान चलाया गया इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग संदिग्ध दिखाई पड़े पुलिस द्वारा इन्हें रोकने का प्रयास किया गया तीनों बाइक सवार भागने का प्रयास करने लगे पुलिस ने पीछा किया तो ये लोग अपनी गाड़ी से उतर कर पुलिस के ऊपर फायरिंग करनी शुरू कर दी इस फारिग में थाना प्रभारी जैकिट





में गोली लगी है जवाबी कार्रवाई में दोनों शातिर लुटेरों के पैर में गोली लगने से घायल हो गए और एक बदमाश भागने में सफल रहा है। घायल दोनों अभियुक्तों के कब्जे से एक पिस्टल मैं जिंदा कारतूस व जिंदा कारतूस घटना में उपयोग किए गए एक मोटरसाइकिल व लूट के सोने चांदी का सामान बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त मंगेश यादव के खिलाफ बरसठी थाने में 8 मुकदमा दर्ज है। दूसरे राहुल यादव के खिलाफ मड़ियाहूं थाने में 4 मुकदमा दर्ज है। दोनों दोनों घायलों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त में मंगेश यादव पुत्र सग्राम यादव निवासी गणेशपुर थाना बरसठी जनपद जौनपुर राहुल यादव पुत्र जगनरायण यादव निवासी महमदपुर थाना मडियाहूँ जनपद जौनपुर व वाछित अभियुक्त रंजीत सरोज पुत्र अज्ञात निवासी जमालिया थाना मडियाहूँ शामिल है।

## तोड़े गये चेंबर के आरोप में अधिवक्ता संघ ने एसडीएम के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : एसडीएम ऋषभ पुण्डीर द्वारा अतिक्रमण हटाने के नाम पर चेंबर तोड़ने का आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं ने सोमवार को एसडीएम की कार्यप्रणाली पर खासा आक्रोश व्यक्त किया । लामबंद अधिवक्ता संघ ने संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता में बैठक कर एसडीएम की कार्यप्रणाली की निन्दा करते हुए उनके स्थानांतरण तक न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया! इसके बाद लोगों ने एसडीएम के विरोध नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन भी किया! अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी महामंत्री विष्णु दत्त शुक्ल ने बताया कि एसडीएम द्वारा अतिक्रमण हटाने के नाम पर बार – बेंच की गरिमा के प्रतिकूल मनमानी कृत्य किया गया है। जो निन्दनीय है! उन्होंने बुलडोजर से अधिवक्ता चिंतामणि उपाध्याय ,विमल प्रकाश बिंद, सहित उनके जूनियर अधिवक्ताओं का चौबर सीमेंट पतरा तथा फर्नीचर को तोड़ने के साथ ही पीपल का पेड़ भी उखड़वा कर फेकवा दिया । बैठक में संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, महामंत्री विष्णु दत्त शुक्ला, पूर्व अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष योगेश त्रिगुनायत , पूर्व अध्यक्ष हरीलाल पाल, विनोद सिंह, लालता प्रसाद,एन पी सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह राहुल सिंह, चन्द्रशेखर यादव, विमल प्रकाश बिंद,रोहित शुक्ला , विवेक पाण्डेय, लालचन्द, संजय कुमार मिश्रा, मनोज पाण्डेय,आदि लोग मौजूद थे।

## 12 दिन बाद भी मीरगंज पुलिस ने नहीं दर्ज किया मुकदमा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महिला द्वारा एसपी व आईजी से शिकायत के बाद भी मीरगंज पुलिस ने 12 दिन बाद भी लूट का मुकदमा दर्ज नही किया जिससे पीडित नाराज है। जौनपुर जनपद के मीरगंज थाना के सवैया गाँव निवासी सुशीला पुत्री स्व छोटेलाल यादव पुलिस अधीक्षक जौनपुर व आईजी से मिलकर लिखित शिकायत करके आरोप लगाया है की वह अपने मकान का ताला बंद करके मुम्बई चली गयी वही रहती है 9 फरवरी को आधा दर्जन की संख्या मे पहुच कर लोगो ने उनके घर का ताला तोड़कर उसमे रक्खा फ्रिज एसी वासिंगमशीन टीवी 8 फैन पत्तल बनाने वाली मशीन इनवर्टर जनरेटर समरसेवल आटा चक्की सोफा गैस सिलेंडर मोटर लाइक आदि सामान अपनी गाडी से लाद ले गये इसकी सूचना मिलने पर मैने मीरगंज पुलिस को फोन से सूचना दिया तो पुलिस माल सहित गाडी थाना मे ले जाकर खडी कर लिया जब मै मुम्बई से आयी तो पुलिस के पास गयी तो थानाध्यक्ष उल्टा मुझे ही डाटने लगे तथा मेरा शान्ति भंग मे चालान कर दिया। मेरा सामान भी वापस नही कर रहे है और लुटेरो के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज नही कर रहे है। घटना के 12 दिन बाद भी मीरगंज पुलिस मुकदमा नही दर्ज किया है जिससे पीडिता को न्याय नही मिल पा रहा है पीडिता का कहना है जब मीरगंज पुलिस एसपी व आई जी की नही सून रही है तब लोग न्याय के लिए कहा जाये

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट www.Desh ki upasana.com का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - dku live सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## भारत के साथ साथ विदेशों में भी महाशिवरात्रि की रही धूम

अफ्रीका, लुसाका ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : अफ्रीका जाम्बिया देश के लुसाका शहर में स्थित साई सेंटर मंदिर में शनिवार को हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक कर किया



दर्शन पूजन सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर परिसर में पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हुआ देर रात तक चलता रहा क्षेत्र के सभी शिवालयों राधा कृष्णा मंदिर, श्री रामकृष्ण वेदांता सेंटर और पंचमुखी हनुमान मंदिर में शिव भक्तों द्वारा दर्शन पूजन किया जा रहा था, दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो मंदिर समिति पदाधिकारियों द्वारा मंदिर की साफ सफाई दर्शनार्थियों को दर्शन पूजन कराने में अपना भरपूर सहयोग कर रहे थे, और भारत मुल्क के रहने वाले सभी भारतीयों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और दोपहर में रुद्राभिषेक का कार्यक्रम संपन्न हुआ वहीं पर उपस्थित मंदिरों के पुजारियों ने पूरे मंत्र उच्चारण के साथ रुद्राभिषेक पाठ एवं विशेष पूजा की गई. इस अवसर पर भारत के कोने कोने से आए हुए सभी भारतीयों ने हिस्सा लिया और यथास्थिति सहयोग कर महाशिवरात्रि को बड़े ही सौहार्दपूर्ण एक दूसरे के गले लग कर देश में सुख समृद्धि और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भगवान शिव से प्रार्थना की।

## बिजली विभाग द्वारा कैम्प लगाकर 36 हजार बकाए बिल का किया गया वसूली

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : धर्मापुर क्षेत्र के बनरहिया बाग में बिजली विभाग ने एसडीओ की मौजूदगी में कैम्प लगाकर बिजली के बकायेदारों से वसूली की। जौनपुर–आजमगढ़ मार्ग स्थित



बनरहिया बाग में सोमवार को बिजली विभाग के एसडीओ मगन सिंह के उपस्थिति में बिजली विभाग ने कैम्प लगाकर 36 हजार की बकाए बिल की वसूली की। कैम्प में आने वाले बकायेदारों से एसडीओ मगन सिंह ने अपने– अपने बकाया को जल्द से जल्द जमा करने का आग्रह किया। एस डी ओ ने कहा कि उच्च अधिकारियों का निर्देश है कि जो बड़े बकायेदार है उनका अभियान चलाकर कनेक्शन काट दिया जाय। इसलिए अपने बकाए बिल को जमा कर दें अन्यथा जल्द कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जेई जगपाल सिंह, रमेश कुमार, प्रशांत, उमा शंकर आदि मौजूद रहे।

## जौनपुर के युवक की सूरत शहर में संदिग्ध मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शेख असरखपुर गांव निवासी युवक की सोमवार को गुजरात के सूरत शहर स्थित उसके किराए के कमरे में संदिग्ध हाल में शव पड़ा मिला। मृतक ट्रक बस के गैरेज में मिस्त्री का काम करता था। उसकी मौत की खबर से घर में कोहराम मच गया। परिवारजन गुजरात के लिए घर से रवाना हो गए। गांव निवासी 29 वर्षीय सत्यप्रकाश उर्फ गुड्डू विश्वकर्मा पुत्र शिवपूजन वर्षों से सूरत शहर में रहकर एक गैरेज पर मिस्त्री का काम करता है। परिवारजन ने बताया कि वह सोमवार को कुछ देर गैरेज पर काम करने के बाद बगल अपने कमरें पर चला गया। काफी देर तक वापस गैरेज पर नहीं लौटा तो कुछ लोग उसे बुलाने उसके कमरे पर पहुंच गए। बाहर से आवाज देने पर जब वह दरवाजा नहीं खोला तो इसकी जानकारी बगल रह रहे उसके बड़े भाई राजन को दी गई। उसके पहुंचने के बाद दरवाजा तोड़ लोग भीतर घुसे तो वह औंधें मुंह पड़ा हुआ था। मृतक के पिता ने बताया कि उसकी नाक से खून निकल रहा था। होंठ काले पड़ गये थे। गुजरात पुलिस शव को कब्जे में लेकर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। मामले की जानकारी होते ही परिवारजन रोना बिलखना शुरू कर दिये। मृतक के दो पुत्र और एक पुत्रियां हैं।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जीवन में कुछ पाना है तो विनम्रता उस सफर की पहली सीढ़ी है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# कॉरपोरेट जगत के लिए सबक

सबक यह है कि अगर कारोबार और उद्योग के संचालन में पेशेवर तौर–तरीके नहीं अपनाए गए तथा बड़े कारोबारी फैसले व्यक्तिगत स्तर पर और राजनीतिक जुड़ाव के आधार पर लिए गए, तो उससे होने वाले नुकसान से नहीं बचा जा सकता।

गौतम अदाणी के मामले को किसी एक नजरिये से नहीं, बल्कि अलग–अलग नजरिये से देखने की जरूरत है। तभी हम इसे समझ पाएंगे। सच्चाई यह है कि पिछले एक–दो साल में गौतम अदाणी भारतीय औद्योगिक परिदृश्य में काफी तेजी से छा गए थे। हर क्षेत्र में उनका प्रवेश हो गया था। फोर्ब्स द्वारा जारी दुनिया के सबसे धनी लोगों में वह दूसरे नंबर पर पहुंच गए थे। जाहिर है, जो अचानक काफी तेजी से आगे बढ़ता है, उस पर नजर टिक जाती है। ऐसा ही अदाणी के मामले में हुआ। अदाणी के तेजी से उभार के कारण अचानक ही कई जरूरी–गैरजरूरी सवाल पैदा हुए।

इससे अदाणी के प्रति कुछ धारणाएं भी बन गईं। उदाहरण के लिए, यह कहा जाने लगा कि अदाणी का पैसा विदेश जाता है, फिर घूमकर वहां से यहां आता है। अदाणी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नजदीकी है। जहां–जहां अंबानी हैं, वहां–वहां अदाणी हैं। जैसे–अंबानी के पास मीडिया कंपनी सीएनबीसी है, तो अदाणी ने उस एनडीटीवी में निवेश किया, जिसकी छवि मोदी–विरोधी की रही है। धारणा यह भी बनी कि सत्तारूढ़ दल से रिश्ते और बैंकों से मिले कर्ज के कारण अदाणी का साम्राज्य इतना फला–फूला। और यह भी कि अदाणी समूह का साम्राज्य अपने फंडामेंटल्स के कारण नहीं, बल्कि शेयर बाजार के कारण इस ऊंचाई पर है।

तथ्य यह है कि जो लोग अदाणी की व्यवसायिक प्रतिद्वंद्विता को बढ़ा–चढ़ाकर पेश कर रहे थे, उन लोगों ने यहां तक मान लिया कि उनके प्रतिद्वंद्वी ने ही अमेरिकी शॉर्ट–सेलर कंपनी हिंडनबर्ग को अदाणी के बारे में जानकारी मुहैया कराई होगी। कारोबारी दुनिया में इसमें कुछ भी अस्वाभाविक नहीं है। लेकिन उसका नतीजा सबको मालूम है।

हिंडनबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में अदाणी समूह पर खाते में हेराफेरी, कंपनी में गड़बड़ी और शेयरों की कीमत बढ़ा–चढ़ाकर दिखाने जैसे कई गंभीर आरोप लगाए। रिपोर्ट में मॉरीशस से लेकर संयुक्त अरब अमीरात तक टैक्स हेवन देशों में अदाणी समूह की मुखौटा कंपनियों के विवरण दिए गए। रिपोर्ट में आरोप लगाए गए कि इन मुखौटा कंपनियों का इस्तेमाल हेराफेरी के लिए हुआ।

हिंडनबर्ग की रिपोर्ट जारी होते ही अदाणी के औद्योगिक साम्राज्य में सेंध लगनी शुरू हुई। निवेशकों के 10 लाख करोड़ रुपये डूब गए। खुद अदाणी फोर्ब्स की अरबपतियों की सूची में दूसरे नंबर से खिसककर 24वें नंबर पर पहुंच गए। अदाणी समूह की ज्यादातर कंपनियों के शेयरों के न सिर्फ मूल्य गिर गए, बल्कि इनके प्रति बाजार की धारणा भी बदल गई। संसद में हंगामा हुआ और विपक्षी दलों ने संयुक्त संसदीय समिति से इस मामले की जांच कराने की मांग की। लेकिन सरकार का कहना था कि इस मामले में उसका कोई लेना–देना नहीं है, और रिजर्व बैंक से लेकर सेबी जैसी संस्थाएं इसकी जांच कर रही है।

हालांकि हिंडनबर्ग रिपोर्ट के जवाब में अदाणी समूह का यह कथन कि 'यह किसी खास कंपनी पर नहीं, बल्कि भारत, उसकी विकास की कहानी और उसकी महत्वाकांक्षाओं पर सुनियोजित हमला है' खास मायने नहीं रखता। अलबत्ता बाजार में अदाणी समूह की धीरे–धीरे सुधरती स्थिति से संदेश गया कि उसके खिलाफ सुनियोजित योजना थी। अगर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट और बीबीसी की नरेंद्र मोदी पर दो भागों में बनाई गई डॉक्यूमेंटरी की टाइमिंग देखें, तो यह अदाणी की ओट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि कमजोर करने की कोशिश का रूप ले लेता है। कहना और आसान हो गया कि बीबीसी तो मोदी विरोधी है ही और भारत की विकास गाथा उससे देखी नहीं जा रही। मोदी पर हमला बोलने से पहले उसने इस पर विचार करने का भी प्रयास नहीं किया कि इस देश का सुप्रीम कोर्ट गुजरात मामले में उन्हें क्लीन चिट दे चुका है। सवाल उठा कि बीबीसी हमेशा भारत–विरोधी स्टोरी ही क्यों करता है।

अब जब भारत स्थित बीबीसी के कार्यालय में आयकर के सर्वे हुए, तो इसे बदले की कार्रवाई बताया गया। अगर मान भी लें कि यह बदला है, तो राजनीतिक दृष्टि का सवाल यह है कि ऐसा क्यों नहीं हो सकता? क्या भारत और उसकी सरकार करुणा का अवतार है? दिलचस्प है कि दूसरी तरफ शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग के हित, बीबीसी पर पुराने जमाने में लगे प्रतिबंध से लेकर कांग्रेस शासित राज्यों में अदाणी के भारी कारोबार के पुलिंदे भी पेश हो रहे हैं। चुनाव आने की बेला में राजनीतिक पार्टियां, अंतरराष्ट्रीय लॉबी और प्रचार तंत्र का एक हिस्सा जब किसी कहानी में एक साथ दिखाई देने लगे, तो आर्थिक चोट से राजनीतिक शिकार की गंध आने लगती है।

ऐसे में पूरे प्रकरण को आम आदमी कैसे देखे? दरअसल कॉरपोरेट संस्थाओं के लिए इस प्रकरण में ज्यादा सबक छिपे हैं। देखने की बात यह है कि अदाणी मामला सर्वोच्च न्यायालय में है और सुप्रीम कोर्ट ने सेबी से यह पूछा है कि निवेशकों के हित में क्या कानून है। सर्वोच्च न्यायालय ने अदाणी–हिंडनबर्ग मामले की जांच के लिए विशेषज्ञों के नाम सीलबंद लिफाफे में लेने से इनकार कर दिया है और मामले में पारदर्शिता की बात करते हुए उसने अपनी तरफ से विशेषज्ञ कमेटी गठित करने की बात भी कही है। अदाणी समूह का कारोबार अब धीरे–धीरे पटरी पर लौट रहा है, लेकिन अदाणी समूह को निवेशकों का विश्वास वापस पाने में समय लगेगा। अलबत्ता व्यापक स्तर पर देखें, तो मेरा मानना है कि अदाणी मामले का भारतीय अर्थव्यवस्था पर कोई खास असर नहीं पड़ने वाला। जिन लोगों ने अदाणी समूह के शेयर खरीदे, प्रभावित तो वही हिस्सा हुआ है। बाजार ऐसे झटकों से दो–तीन महीने में उबरने की प्रक्रिया में चला जाता है।

इसके बावजूद अदाणी मामला देश के कॉरपोरेट्स के लिए सबक तो है ही। सबक यह है कि अगर कारोबार और उद्योग के संचालन में पेशेवर तौर–तरीके नहीं अपनाए गए तथा बड़े कारोबारी फैसले व्यक्तिगत स्तर पर और राजनीतिक जुड़ाव के आधार पर लिए गए, तो उससे होने वाले नुकसान से नहीं बचा जा सकता। एक खास तरह की पेशेवर सख्ती के बिना आप स्थायी और नैतिक रूप से अभेद्य संस्थान खड़ा नहीं कर सकते।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## सांसद जयप्रकाश एवं अशोक रावत द्वारा जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आज विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में सांसद हरदोई जयप्रकाश की अध्यक्षता एवं सांसद मिश्रिख अशोक रावत की सह अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई उन्नाव खण्ड की अनुपस्थिति पर सांसद अशोक रावत ने नाराजगी जतायी। रजबहों में सिल्ट सफाई जल्द कराने के उन्होंने निर्देश दिए। सांसद जयप्रकाश ने जर्जर तार एवं खंभों को तत्काल बदलने के निर्देश दिए। बेतरतीब बिलों की समस्या का त्वरित निस्तारण किया जाये। पाली क्षेत्र में जेई की कार्यशैली की शिकायत पर जिलाधिकारी ने स्थानांतरण के लिए विभाग को पत्र लिखने के लिए कहा। जनप्रतिनिधियों ने बिजली विभाग के अधिकारियों के फोन न उठाने पर नाराजगी जताई। जिलाधिकारी ने बिजली विभाग की शिकायतें प्राप्त करने के लिए एक कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश बिजली विभाग को दिए। माननीय विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल ने विद्यालयों के विद्युतीकरण का मुद्दा उठाया। माननीय सांसदगण ने खराब नलकूपों की मरम्मत कराने के निर्देश नलकूप विभाग को दिए। उन्होंने कहा कि नए नलकूपों की स्थापना हेतु जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव लेकर आगे की कार्रवाई जल्द पूरी करायी जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान विधायिका संडीला ने भरावन में एक्सरे मशीन जल्द शुरू करने का मुद्दा उठाया। अध्यक्ष महोदय ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रीमऊ पीएचसी को क्रियाशील करने के निर्देश दिए। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि दिव्यांगों को प्रमाणपत्र बनवाने में पूरी मदद की जाए। प्रत्येक माह पहले तथा तीसरे सोमवार को तहसील मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भी कैम्प लगाया जाए। बेसिक शिक्षा विभाग




की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि विद्यालयों में फर्नीचर की व्यवस्था करने का काम चल रहा है। जनप्रतिनिधियों ने इस कार्य मे पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया गया। सांसद मिश्रिख ने मंडी परिषद की सड़कों के ब्यौरे के साथ अगली दिशा की बैठक में डीडीसी को बुलाने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान सभी निराश्रित गोवंशों के संरक्षण के निर्देश दिए। वन विभाग की समीक्षा करते हुए अध्यक्ष महोदय ने उपखण्ड स्तर पर जनप्रतिनिधियों को शामिल करते हुए समिति गठित करने के निर्देश दिए। सांसद एवं विधायक निधि से लगने वाली लाइटों के अनुरक्षण के लिए संबंधित को निर्देश दिए। प्रत्येक विकास खण्ड में एक खेल के मैदान को सुनिश्चित करने के लिये प्रस्ताव तैयार किया जाए। निर्माणाधीन सड़को के निर्माण में तेजी लाते हुए कार्य ससमय पूर्ण किया जाए। अवैध खनन के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जाए। बैठक के अंत मे जिलाधिकारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को दिशा का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। अध्यक्ष ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल, विधायक सांडी प्रभाष कुमार, विधायक सण्डीला अलका अर्कवंशी व अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## हमें गर्व है कि परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद हमारे समाज से हैं –हाजी नफीस इदरीसी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। वर्ष 1971 में परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद की याद के बनी इदरीसी बिरादरी की पहली सामाजिक संस्था की एक्सयूक्टिव बॉडी की मीटिंग लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय आर एल डी के मीटिंग हाल में दिल्ली से आये संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी मोहम्मद नफीस इदरीसी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मीटिंग में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद के पौत्र परवेज अली को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। उनको इस मौके पर उनके दादा वीर अब्दुल हमीद के जीवन पर आधारित स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर संस्था द्वारा प्रकाशित कैलेंडर का विमोचन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी मोहम्मद नफीस इदरीसी ने देश के मा प्रधानमंत्री जी द्वारा अंडमान निकोबार द्वीप समूह का नाम परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर रखने का स्वागत किया और कहा कि इस निर्णय से देश की नवजवान पीढ़ी देश के सपूतों की कुर्बानी को याद रखेगी। हाजी मो नफीस ने कहा कि संस्था ने विजन 2025 के नाम से जो कार्यक्रम जारी किया है उसका पहला बिंदु शिक्षा है, मिशन इकरा के तहत उच्च शिक्षा जैसे NEET, IIT JEE, C.A. डंदंहमउमदज आदि की पढ़ाई करने के लिये गरीब परिवार के बच्चों मदद करने के लिये संस्था जल्द तालीमी फण्ड बनायेगी, इसके लिये समाज के बुद्धिजीवी वर्ग और साहिबेहसियत लोगों को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिये। मीटिंग को संबोधित करते हुए संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद इकरार इदरीसी ने कहा कि संस्था गरीबो की मदद करने के लिये बैतुलमाल की स्थापना करके गरीब बेवा औरतों को पिछले लगभग 3 साल से 1500 रु महीना पेंशन दे रही है। जल्द ही संस्था की तरफ से कोचिंग सेंटर और कैरियर कौन्सिललिंग सेंटर भी शुरू किये जायेंगे। कार्यकारिणी बैठक में संस्था के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पूर्व चेयरमैन नगर पालिका परिषद बिल्हौर जनाब नूर इदरीसी ने मीटिंग में दिल्ली, बिहार और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि संस्था की स्थापना के 52 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। हमें सामाजिक उत्थान के लिये जमीनी स्तर पर और काम करने की जरूरत है तभी हम समाज को बेहतर संदेश दे पायेंगे। मीटिंग में संस्था के राष्ट्रीय महासचिव इं अहमद मुबीन इदरीसी को उनकी 25 साल की समाज सेवा के लिये




मार्वेलस पर्सनालिटी अवार्ड से सम्मानित किया गया और छपरा (बिहार) से आये संस्था के वयोवृद्ध पदाधिकारी जनाब अब्दुल रहमान इदरीसी और जनाब अब्दुल मजीद (करारी) को उनकी समाजी खिदमात के लिये संस्था ने लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा अंजुमन इदरीसिया दिल्ली की यूथ यूनिट और जनपद अमरोहा की यूनिट को बेहतरीन काम करने के लिये एक्सीलेंट अचीवमेंट अवार्ड से सम्मनित किया गया। संस्था के संस्थापक स्व हाजी हयात हुसैन इदरीसी और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्व समीउल्लाह इदरीसी की याद इस वर्ष से दो सम्मान दिये जाने की घोषणा संस्था के राष्ट्रीय महामंत्री इं अहमद मुबीन इदरीसी ने करी। लंबे समय से समाज सेवा से जुड़े कानपुर के वरिष्ठ साथी जनाब मोहम्मद वसीम इदरीसी और शाहजहाँपुर से संस्था के जिला अध्यक्ष जनाब महबूब हुसैन इदरीसी को हाजी हयात हुसैन मेमोरियल अवार्ड से सम्मनित किया गया। इसके अलावा समीउल्लाह इदरीसी मेमोरियल अवार्ड से राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष हाजी मोहम्मद इसरार इदरीसी (दिल्ली), हाजी नफीस अनवर इदरीसी (प्रयागराज), मोईन इदरीसी (कानपुर),मेहताब अली इदरीसी (लखीमपुर), मो नकी इदरीसी, शमशुद्दीन इदरीसी (शाहजहाँपुर), मौलाना सरताज इदरीसी (लखीमपुर),डॉ जुबैर इदरीसी (लखनऊ), मिर्जा अतहर इदरीसी (अमरोहा), आबाद अली (लखनऊ), हाफिज मोहम्मद आजम (भोपाल), जमीर अहमद इदरीसी (कानपुर) अब्दुल अली इदरीसी (सिद्धार्थ नगर) हाफिज अब्दुल रहमान (लखनऊ), सदरे आलम इदरीसी (संत कबीर नगर), शराफत अली (प्रयागराज), डॉ शरीफ इदरीसी (कानपुर),डॉ अरशद इदरीसी (बढ़नी– सिद्धार्थनगर), अब्दुल माजिद इदरीसी (गोरखपुर),एडवोकेट मुबीन अतहर, मो नवेद (हरदोई) आदि को सम्मनित किया गया। इस मौके पर मीटिंग में संस्था के ट्रस्टी डॉ इमरान अहमद, अख्तर हुसैन, हाजी हफीजुद्दीन इदरीसी, जॉइंट सेक्रेटरी मो अतीक डॉ हाशिम इदरीसी, मुहिब इदरीसी, मो ,ताहिर अली, शकील अहमद, नौशाद हसन, परवेज बदर, हाजी मो रफीक, मो सलमान, अकबर अली, डॉ मुख्तार अहमद, इं मोइजुद्दीन ,मो यूसुफ ,मो इस्लाम, सी.ए. मो रिजवान इदरीसी, जमाल शाहनवाज, डॉ नसीम अहमद ,अब्दुल रकीब, आदि मौजूद रहे। मीटिंग का संचालन अहमद मुबीन इदरीसी ने किया।

## 5 दर्जन स्वयंसेवकों को मेडल पहना किया सम्मानित

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पदमलापुर गंगा एक्सप्रेस वे के निकट चल रहे विश्व भर में शांति के संदेश का परचम फहराने वाले विश्व शांति दूत एवं प्रख्यात वक्ता प्रेम रावत जी ने कहा जिसने अपने अंदर शांति का अनुभव किया है जिसने अपने अंदर दया का अनुभव किया है जिसने अपने अंदर समझ का अनुभव किया है उसका घर कोई भी तूफान आए वह कहीं नहीं जाएगा जो आपके अंदर है उसको आप समझिए जो आपके हृदय के अंदर शांति बसी हुई है उसका अनुभव कीजिए अगर अंदर मजबूती है आपके अंदर मजबूती है तो बाहर चाहे तूफान आए ना आए क्योंकि तूफान तो जरूर आएगा पर आपका घर भूसा का बना है या सीमेंट का बना है अगर भूसे का बना है तो हवा आएगी उड़ा के ले जाएगी और जिसने अपने अंदर शांति का अनुभव किया है जिसने अपने अंदर दया का अनुभव किया है जिसने अपने अंदर समझ का अनुभव किया है उसका घर भूसे का नहीं उसका घर कोई तूफान आए वह कहीं नहीं जाएगा। सारी आशाओं का कुआं जब मनुष्य के अंदर पहले से ही है तो यह कैसे संभव है कि मनुष्य निराश हो जाए आदमी समझे सोचे देखें अनुभव करें कि जिस चीज की उसको जरूरत है जिस चीज की उसको प्यास है जिस चीज की उसको चाहा है सब कुछ उसके पास विश्व शांति दूत श्री प्रेम रावत जी के शांति संदेश को घर में बैठकर सुनना चाहते हैं तो टाइमलेस टुडे अपने मोबाइल में डाउनलोड करके देख बात सुन सकते हैं प्रेम रावत ऑफिशियल यूट्यूब चौनल पर भी देख सकते हैं अधिक जानकारी के लिए गूगल पर सर्च करें "प्रेम रावत डॉट कॉम" इस कार्यक्रम में सेवा करने वाले पांच दर्जन स्वयंसेवकों को मेडल पहनाकर हरदोई की प्रेम रावत डॉट कॉम टीम द्वारा सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया स्वयंसेवक टीम ने अपने अथक प्रयास साहसिक रूप से परिचय देते हुए इस कार्यक्रम को संपन्न कराया कार्यक्रम में स्वामी दयाल कुशवाहा जी



ने कार्यक्रम की जिम्मेदारी अलग अलग तरीके से स्वयं सेवकों को सौंपीथी जिसका उन्होंने विधिवत निर्वहन किया शांति संदेश पंडाल में महिला और पुरुष को बैठने के लिए अलग–अलग व्यवस्था की गई थी महिलाओं की तरफ महिलाएं स्वयं सेवक पुरुषों की तरह पुरुषों सेवक लगाए गए थे। इस संदेश को और सुनने और समझने की इच्छा व्यक्ति की उन लोगों ने स्वागत कक्ष में अपना नाम और मोबाइल नंबर भी लिखवाया जिससे कि उन्हें भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों की सूचना मिल सके इस दौरान पीके गुप्ता मनोज कुमार कुमार गुप्ता रामचंद्र पुष्पेंद्र डॉ नागेश्वर शर्मा धीर सिंह ने सभी स्वयंसेवकों को मेडल पहनाकर उनका उत्साह बढ़ाया। इस दौरान स्वामी दयाल कुशवाहा आरेंद्र कुशवाहा, लालजीत, छंगे, लालराम, मुरारी, सचिन स्वर्णकार, शांति कुशवाहा, रामनरेश, ब्रजराज कुशवाहा, विजय सिंह, ओपी सिंह सोमवंशी, राधेश्याम, शिव आधार वीर सिंह, दिव्यांका जागृति आदि लोग मौजूद रहे।

## ज्ञान के आँगन में ध्यान की पाठशाला


हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : श्री रामचंद्र मिशन एवं हार्टफुलनेस संस्था की ओर से श्री सरस्वती सदन में आयोजित तीन दिवसीय ध्यान उत्सव रविवार को संपन्न हुआ. तीसरे दिन संस्था के प्रशिक्षक राजीव गुप्ता ने यहाँ उपस्थित ध्यान उत्सुकों को हार्टफुलनेस ध्यान के तीसरे सोपान 'प्रार्थना' महत्व समझाया और बताया कि किस तरह से यह ध्यान साधना पद्धति मानव जीवन के उच्चतर आयामों को समझने और उन तक पहुँचने में मनुष्य की सहायता कर सकती है. कार्यक्रम की संयोजिका एवं हार्टफुलनेस प्रशिक्षक अनुपम सिंह ने महाभारत का उदाहरण देकर प्रार्थना की शक्ति के बारे में समझाते हुए कहा कि द्यूत सभा में जब द्रौपदी ने सच्चे हृदय से प्रार्थना के माध्यम से खुद को ईश्वर के चरणों में समर्पित कर दिया तो उन्हें सहायता प्राप्त हुई. इस चर्चा के पश्चात् उपस्थित लोगों को ध्यान कराया गया। ध्यान समाप्त होने के पश्चात् ध्यान उत्सुकों का हार्टफुलनेस पोलारिटी से परिचय कराया गया. यह ऐसी क्रिया है जहाँ ध्रुवीय ऊर्जा के माध्यम से मानव शरीर के ऊर्जा क्षेत्रों में असंतुलन को व्यवस्थित किया जाए तो उसे कई शारीरिक परेशानियों को कम करने में सहायता मिल सकती है. हार्टफुलनेस से जुड़ी बहन राधिका रावत एवं सुधा गुप्ता ने जिज्ञासुओं



का पोलारिटी करके दिखाई. इसके बाद सत्र में शामिल हुए युवा सदस्यों को श्रीमती मंजू वाजपेयी एवं स्टार अस्पताल की डॉक्टर आयुषी मिश्र ने हार्टफुलनेस ध्यान से सम्बंधित किताबें भेंट की। संयोजिका अनुपम सिंह ने जानकारी दी कि इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में कई नए अभ्यासी संस्था के साथ जुड़े. हार्टफुलनेस संस्था द्वारा आने वाले दिनों में ऐसे कई सार्वजनिक आयोजन वृहद् स्तर पर किये जायेंगे जहाँ ध्यान में रुचि रखने वाले नगर वासियों को नि शुल्क ध्यान प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## मनोरंजन हेतु तैयार हो रही इंडियन फैशन लीग प्रतिभागी सोनिया अरोड़ा प्रमोशन के लिए पहुची राजधानी

मृत्युंजय प्रताप सिंह लखनऊ। इंडियन फैशन लीग एक नया शो जल्द ही ओटीटी प्लेटफार्म पर दर्शकों के मनोरंजन के लिए उपलब्ध होगा। इंडियन फैशन लीग एक अनूठा शो है जिसमें सोनिया अरोड़ा के साथ साथ 32 प्रतिभागी होंगे जिन्हें नई तरह के टास्क करने को दिए जायेंगे जिससे दर्शकों का भरपूर मनोरंजन होगा। इंडियन फैशन लीग के प्रतिभागियों में सोशल मीडिया, फिल्म और समाज में कुछ अलग काम करने वाले होंगे जो एक साथ रह कर अलग अलग टास्क आदि करेंगे। आज लखनऊ ने इंडियन फैशन लीग के संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता में सोशल मीडिया स्टार सोनिया अरोरा ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया की इस शो को लेकर वे काफी उत्साहित हैं तथा कुछ नया करके दर्शकों का मनोरंजन करने का प्रयास करेंगी। सोनिया एक सुप्रसिद्ध सोशल मीडिया स्टार हैं जिनके सोशल मीडिया पर लाखो फॉलोअर्स हैं।



इंडियन फैशन लीग के बारे में जानकारी देते हुए डायरेक्टर विपिन अग्निहोत्री ने बताया की इंडियन फैशन लीग अपनी तरह का एक अलग शो होगा जो दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेगा। क्रिएटिव डायरेक्टर अमित पाण्डे ने बताइए शो की शूटिंग शुरू हो चुकी है तथा जल्द ही यह शो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दर्शकों के मनोरंजन के लिए उपलब्ध होगा। इस दौरान इस शो के कास्टिंग डायरेक्टर सनी बनी सिंह भी मौजूद रहे।

## ओटीपी पूछ कर ठगो ने खाते 32700 उडाया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : साइबर ठगो ने ओटीपी नम्बर पूछ कर युवक के खाते से 32700 रुपये उडा दिया युवक ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। मीरगंज थाना के अगहुआ गाँव निवासी महेन्द्र प्रसाद गुप्ता का एअर टेल पेमेन्ट बैक मे खाता है जिससे वह गूगल पे फोन पे चलाता है कई दिन से ट्रान्जक्सशन नही हो रहा था इसी बीच रविवार दिन मे 11 बजे उसके मोबाइल फोन आया बताया गया की लखनऊ से एअर टेल पेमेन्ट बैंक से बोल रहा हू आप के ट्रान्जक्सशन मे कोई दिक्कत है क्या तब महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा की कई दिन से पैसा ट्रान्सफर नही हो पा रहा है तब ठग ने बोला की खाता ब्लाक है उसको चालू करना पडेगा और एक ओटीपी जायेगी जिसके बाद एक ओटीपी नम्बर महेंद्र प्रताप के नम्बर पर आयी जिसे वह ठग को बता दिया जिसके पांच मिनट उसके खाते से पहली बार 32 हजार दूसरी बार सात सौ रुपया उडा दिया गया मैसेज देखने के बाद उसका होश उड गया उसने इसकी लिखित शिकायत मीरगंज पुलिस से की है।

## श्री मां आद्या शक्ति दक्षिणा कांली मंदिर का 39 वॉ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शनिवार को महाशिवरात्रि पर नगर के सिटी स्टेशन रेलवे क्रासिंग के निकट (फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे) स्थित श्री माँ आद्या शक्ति दक्षिणा काली मन्दिर का 39 वॉ वार्षिक दो दिवसीय स्थापना दिवस पर प्रथम दिन माँ काली का भव्य श्रृंगार किया गया और रामचरित मानस पाठ बैठाया गया। जिसमें मॉ काली का रुप अलौकिक दिखाई दे रही थी। सुबह से शाम तक दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही और लोगों ने मॉ काली का दर्शन किया और रामायण पाठ में मौजूद रहे। पूरा मन्दिर माला. फूलों व विद्युत झालरों से सजाया गया था। इस मौके पर मन्दिर के संचालक एवं पुजारी भगवती सिंह वागीश ने बताया कि की 18 फरवरी को अखंड रामायण पाठ शुरु हुआ एवं 19 फरवरी को समापन होगा जिसमें हवन पूजन , महाप्रसाद वितरण एवं प्रवचन का कार्यक्रम होगा और सांय 7 बजे पूर्वांचल के प्रसिद्ध देवी गीत गायक पंकज सिन्हा, शैली गगन, आशीष पाठक अमृत, जितेंद्र झा,कन्हैया लाल यादव, जुबेर खान,विकास सिंह रागी व कृष्ण पांडेय द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया है। वागीश जी ने कहा कि इस कलयुग में मां काली की पूजन, अर्चना व दर्शन करने से सभी मनोकामनाये पूर्ण होती है। पूर्ण



श्रद्धा एवं अटल विश्वास के साथ मां का उपासना सदैव कल्याणकारी होता है। इस मन्दिर की स्थापना सन् 1984 में महाशिवरात्रि के दिन ही हुआ था तभी से ही स्थापना दिवस व श्रृंगार उत्सव का कार्यक्रम निरन्तर होता चला आ रहा है। इस अवसर पर युवा सपा नेता अजय त्रिपाठी मुन्ना,एस पी सिंह जाम, दल सिंगार विश्वकर्मा, राम पाल विश्वकर्मा, वेद प्रकाश सिंह एडवोकेट, विक्रम गुप्ता, पत्रकार विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक,अमित निगम ,डा सुभाष सिंह , डॉ लाल जी प्रसाद, डा प्रमोद कुमार, डॉ संजय सिंह, डॉक्टर बी के यादव,मनोज सिंह, सपा नेता भानु मौर्य,विनय सिंह व विपिन कुमार सिंह , अरविंद यादव, किराना प्रभात मौर्य,सुनील श्रीवास्तव, राहुल प्रजापति, अध यापक संतोष चतुर्वेदी व बैंक महाप्रबंधक विजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहें।आये हुए सभी लोगों का स्वागत सर्वेश सिंह सोनू व आभार पत्रकार वन्देश सिंह ने प्रकट किया।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : न्यूरो–साईकियाट्रिक सेन्टर मंगल क्लीनिक के तत्वाधान में डॉ उत्तम कुमार गुप्ता द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आजाद शिशु शिक्षा निकेतन, आजाद नगर मुरारा में संपन्न




हुआ। मंगल क्लीनिक के प्रबंधक शशि भूषण पांडे ने बताया कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में निशुल्क दवा वितरण, न्यूरोपैथिक पेन का जांच शुगर, ब्लड प्रेशर, गठिया, सर्वाइकल, ब्रेन हेमरेज, मिर्गी, डिप्रेशन, एंजायटी, माइग्रेन, ओसीडी, सिजोफ्रेनिया, मेनिया, डिमेंशिया आदि रोगों का लगभग 282 गरीब पिछड़े वर्ग के उपचार किया गया था। मंगल क्लीनिक के प्रबंधक ने उपस्थित सभी गणमान्य नागरिक आजाद शिशु शिक्षा निकेतन के प्रधानाचार्य विजय कुमार शर्मा, विवेक कुमार शर्मा, बद्री प्रसाद यादव, शुभम शर्मा, राजेश यादव ग्राम पंचायत सहायक, सुरेंद्र यादव समाजवादी कार्यकर्ता, राम सिंह सहायक अध्यापक, इंद्रेश यादव, डॉ शरद सिंह आदि लोगों का आभार प्रकट करते हुए स्वास्थ्य शिविर में आने के लिए बधाई दी।इस मौके सहयोगी स्टाफ अजय चंद्र साहू, त्रिलोकी नाथ यादव, रमाकांत यादव, अखिल उपाध्याय, सविता राव ने मिलकर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सहयोग किया।

## अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद की समीक्षा बैठक सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद की समीक्षा बैठक बड़े हनुमान जी मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई ।बैठक की अध्यक्षता विभाग अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव एवं संचालन विवेक उपाध्याय विभाग मंत्री राष्ट्रीय बजरंग दल ने किया। बैठक की समीक्षा लेने प्रांतीय संगठन मंत्री संजय दुबे एवं प्रांतीय हिंदू एडवोकेट फोरम प्रांत उपाध्यक्ष प्रभाकर तिवारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय संगठनमंत्री ने कहा 28फरवरी दिन मंगलवार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देवेश उपाध्याय का आगमन मछलिशहर में आना सुनिश्चित हुआ है।श्री दुबे ने कहा कि जिला विभाग के सभी पदाधि ाकारियों एवम कार्यकर्तागण उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं इस कार्यक्रम में मछलीशहर जिले के प्रभारी और पालक अधिकारी प्रभाकर तिवारी है। उन्होंने बताया कि विभाग में दो जिले है मछलीशहर ब सदर और विभाग मिलाकर जनपद में 6 तहसील और 21 ब्लॉक है। जिसमे पूरी समितियों का निर्माण जल्द से जल्द कर दिया जाए। श्री दुबे के उद्बोधन पश्चात हिंदू हृदय सम्राट, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर प्रवीण भाई तोगड़िया के आगम पर हुए कार्यक्रम की समीक्षा हुई।और जिला एवम विभाग के कुछ पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई। अंत में जिला अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय हिंदू अजय पाण्डेय ने



ब्लाक,तहसील,जिला व विभाग के समस्त पदाधिकारी/ कार्यकर्ता बंध ाु सहित जनपद के सभी सनातनी हिंदु जिनके सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ । के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में प्रमुख रूप से विभाग पदाधिकारी चंद्र प्रकाश तिवारी,रमेश वशिष्ठ,विवेक उपाध्याय व जिले से विवेक गुप्ता, अवधेश बरनवाल, पी के श्रीवास्तव, मनसिज पाण्डेय, सचिन श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह चौहान, मदन गोपाल सिंह चौहान,प्रमोद चौहान,रामजी सोनी, अध्यक्ष रा ब द चंदन तिवारी, अध यक्ष अ हि प मछलीशहर महेंद्र यादव सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## आम आदमी पार्टी द्वारा किया गया बुलडोजर आहुति यज्ञ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आम आदमी पार्टी जौनपुर द्वारा बुलडोजर आहुति यज्ञ का कार्यक्रम विसर्जन घाट पर संपन्न हुआ।इस अवसर पर बौद्ध प्रांत प्रभारी डॉ अनुराग मिश्रा ने कहा कि लगातार हो रहे गरीबों और मजदूरों के ऊपर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी का बुलडोजर अत्याचार कर रहा है और अडानी के महा घोटाले के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है इसके खिलाफ आम आदमी पार्टी आवाज उठा रही है और इसीलिए आज आम आदमी पार्टी द्वारा पूरे उत्तर प्रदेश में बुलडोजर आहुति यज्ञ का कार्यक्रम रखा गया है। कानपुर में जो ब्राह्मण परिवार के साथ निंदनीय घटना घटित हुई है उसकी हम पूरी तरह निंदा करते हैं और प्रशासन से यह मांग भी करते हैं कि पीड़ित ब्राह्मण परिवार के साथ न्याय किया जाए।जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना ने कानपुर में ब्राह्मण परिवार के साथ हुई घटना का निंदा करते हुए कहा कि जनपद में जहां कहीं भी अगर अलग तरीके से गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलाया जाएगा तो आम आदमी पार्टी इसका पूरी तरह विरोध करेगी और किसी भी हाल में गलत तरीके से गरीबों की जमीनों पर कब्जा या बुलडोजर चलाने नहीं दिया जाएगा। महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अनीता मिश्रा ने कहा कि यह बहुत ही गलत बात




है कि बुलडोजर सिर्फ गरीबों के घरों पर चलाया जा रहा है किसी उन भाजपा के नेता जो गलत कार्य कर रहे हैं उनके घरों पर बुलडोजर नहीं जाता है । कार्यक्रम में व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव एच.एन तिवारी,काशी प्रांत वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामरतन विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव, जिला सचिव डॉ अमित श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष डॉ दिवाकर मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी अतुल तिवारी, जिला महासचिव महिला प्रकोष्ठ पूजा सिंह, विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी दिलीप सिंह, पंचायत प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनीष सिंह, बबलू गुप्त, अनुराधाश्रीवास्तव ,इसरावती विंद इत्यादि लोग मौजूद रहे।उक्त आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी ने दिया ।

## खो–खो काव्य एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में कुलपति निर्मला एस मौर्य के निर्देशन पर दीक्षोत्सव के संदर्भ में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसके परिपेक्ष्य में खेल प्रतियोगिता काव्य लेखन, निबंध लेखन एवं अन्य प्रतियोगिताएं कराये गये।



खेल प्रतियोगिता में परंपरागत महिला खेल खो खो में कुल 4 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें बी फार्मा प्रथम बी फार्म द्वितीय रही और पुरुष खो–खो में कुल 5 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें बीटेक प्रथम, बी फार्म द्वितीय और डी फार्मा तृतीय रहे। परंपरागत खेलकूद की समन्वयक डॉ नीरज अवस्थी एवं महिला परंपरागत खेलकूद की समन्वयक डॉ रेखा पाल एवं डॉ सोनम झा रहीं। काव्य लेखन में आदित्य प्रथम आंचल सिंह द्वितीय और आकांक्षा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। काव्य लेखन के समन्वयक डॉ रसिकेश रहे। निर्णायक मंडल के रूप में महेंद्र यादव एवं मोहन पांडे रहे। इस मौके पर डॉ जान्हवी श्रीवास्तव , डॉ,. विनय वर्मा, डॉ सुशील कुमार वर्मा, डॉ.अन्नू त्यागी, हर्ष कुमार साहू, प्रियांशु प्रधान, विकास सोनी, रिशु सिंह , प्रशांत यादव एवं सौम्या राय मौजूद रहीं।

## महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर राष्ट्रीय हिंदू भगवा वाहिनी द्वारा रुद्राभिषेक और भंडारे का किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महाशिवरात्रि का पर्व पूरे जनपद में धूमधाम से हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया वहीं जगह–जगह शिवालयों में भगवान शिव के समक्ष भक्तों ने उन्हें प्रसन्न करने के लिए रुद्राभिषेक का भी आयोजन किया। इसी क्रम में नगर के मातापुर स्थित शिव मंदिर पर राष्ट्रीय हिंदू भगवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अंजना सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश सिंह मंदिर संरक्षक व द्वारा रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। तदोपरांत देर शाम एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें पहुंचे हजारों की संख्या में लोगों ने भगवान शिव का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय हिंदू भगवा वाहिनी की प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश डॉ अंजना सिंह जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश सिंह कार्यक्रम संयोजक संतोष गुप्ता अनीश सिंह मंदिर के पुरोहित हरिश्चंद्र पटेल सूरज पटेल अवनीश सिंह शैलेंद्र सिंह प्रदीप तिवारी वरिष्ठ पत्रकार शम्भू सिंह वरिष्ठ पत्रकार विश्व प्रकाश श्रीवास्तव (दीपक), देवेश उपाध्याय सुधीर सिंह विक्रम गुप्ता मयंक राय राजीव सिंह जिला अध्यक्ष काशी नाथ सर्वेश सिंह रणविजय सिंह



विनय मिश्रा विजय श्रीवास्तव ,अर्चना श्रीवास्तव, अर्चना त्रिपाठी, सीमा तिवारी ,प्रियंका श्रीवास्तव, सुधीर सिंह, आदि पदाधिकारी उपास्थित रहें।

## चेन स्नेचिंग मामले में दिनभर कोतवाली पर डटी रही महिलाएं : पुलिस की संदिग्ध महिलाओं से पूछताछ अबतक बेनतीजा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकास खण्ड केराकत के गोमतेश्वर महादेव मन्दिर सिहौली पर शनिवार को महाशिवरात्रि पर्व पर जलाभिषेक करने आयी आधा दर्जन से अधिक महिलाओं के साथ चेन स्नेचिंग की घटना हो गयी, कुछ तो रोती बिलखती घर चली गयी थी, वहीं चार महिलाओं ने कोतवाली पंहुचकर पुलिस को चेन छिनैती की तहरीर दी थी। पुलिस ने दो संदिग्ध महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी। हुरहुरी निवासी प्रेमा सिंह, मंजू सिंह, रेखा सिंह, उदयचन्दपुर निवासी ममता मधुकर व अहन निवासी ममता प्रजापति पुत्री सम्भल प्रजापति ने पुलिसध को दिए गये तहरीर में आरोप लगाया कि वह लोग जलाभिषेक करने गोमतेश्वर महादेव गयी थी। जब जलाभिषेक कर वापस लौट रही थी तो गले से सोने की चेन गायब थी। रविवार सुबह से ही हुरहुरी निवासी प्रेमा सिंह, मंजू सिंह, रेखा सिंह, उदयचन्दपुर निवासी ममता मधुकर कोतवाली परिसर में आकर चेन छिनैती के बारे में पुलिस से जानकारी लेने का प्रयास कर रही थी, हालांकि उसी दौरान किसी महिला को एक पुलिसकर्मी की बात नागवार लगी तो महिला ने तुरंत पुलिस अधीक्षक जौनपुर अजय पाल शर्मा को फोन करके मामले से अवगत कराया, मामले में पुलिस अधीक्षक के हस्तक्षेप के बाद कोतवाली पुलिस हरकत में आते हुए, आनन फानन में सभी पीड़ित महिलाओं को लेकर गोमतेश्वर महादेव मन्दिर पहुँचकर सीसी टीवी कैमरा खंगालने में जुट गई, एक पीड़ित ने बताया कि पुलिस द्वारा पकड़ी गई महिला कैमरे में मेरा चैन छीनते साफ दिखाई दे रही थी। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक केराकत संजय वर्मा से बात करने पर उन्होंने बताया कि मुकदमा दर्ज कर धर पकड़ का प्रयास किया जा रहा है।

## पुरानी पेंशन बहाली एवं निजीकरण के विरोध में 21 को होगा धरना प्रदर्शन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जौनपुर की बैठक डिप्लोमा इंजीनियर संघ के सभागार में रविवार को आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ प्रदीप सिंह ने बताया कि केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर संघर्ष समिति पुरानी पेंशन योजना की बहाली हेतु केंद्रीय कर्मचारी संगठन, राज्य कर्मचारी, शिक्षक एवं पेंशनर्स द्वारा संयुक्त रूप से भविष्य में विभिन्न चरणों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय हो चुकी है। प्रथम चरण में महामहिम राष्ट्रपति महोदया को ऑनलाइन पिटिशन का प्रेषण जनपद में 20 फरवरी 2023 तक चलेगा। दूसरे चरण में 21 फरवरी को जौनपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय कर्मचारी संगठन नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के साथ जनपद के राज्य कर्मचारी संयुक्त रूप से निजीकरण के विरोध एवं पुरानी पेंशन के समर्थन में धरना प्रदर्शन में सहभागिता करेंगे। तृतीय चरण में 21 मार्च को पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली संयुक्त मंच के बैनर तले जनपद के समस्त केंद्र एवं राज्य के कर्मचारी,शिक्षक एवं पेंशनर्स कलेक्ट्रेट परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। जिला मंत्री देवेश कुमार यादव ने कहा कि पेंशन सेवानिवृत्त कर्मचारी की गरिमा कायम रखने हेतु एक सामाजिक कल्याणकारी कदम है। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सी बी सिंह ने कहा कि सरकार के पास कोई मध्य मार्ग नहीं है पुरानी पेंशन अविलंब बहाल होनी चाहिए। डिप्लोमा इंजीनियर संघ के अध्यक्ष शशिकांत यादव एवं सचिव सुनील गुप्ता ने छः राज्यों की तरह पूरे देश में पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली नहीं होने पर संयुक्त मोर्चा बनाकर लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। नलकूप खंड से वरिष्ठ उपाध्यक्ष इं राजकुमार गुप्ता ने निजीकरण के खिलाफ संघर्ष का आह्वान किया। जल निगम से परिषद के संयुक्त मंत्री सुजीत विश्वकर्मा ने सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं में लगातार हो रही गिरावट एवं निजी करण के बढ़ते ग्राफ का सम्यक विश्लेषण करते हुए इसे चिंताजनक बताया। कामरेड कल्लूराम एवं प्रमोद शर्मा ने स्वरचित लोकगीतों के माध्यम से उपस्थित साथियों में उत्साह का संचार किया। सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष एवं परिषद के संप्रेक्षक अमर बहादुर यादव ने तन मन धन से संगठन के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु अपना संकल्प व्यक्त किया। बैठक में संरक्षक राकेश कुमार श्रीवास्तव,इं प्रमोद कुमार, इं शिवानंद यादव, इं सुजीत कुमार, रामलाल पाल,होम्योपैथिक संघ के अध्यक्ष राजेश यादव, इंअलीम अहमद, इं अरविंद कुमार,इं रामपाल,अजय राजभर,लालमणि पाल, बेसिक हेल्थ वर्कर संघ के गौरव कुमार श्रीवास्तव,तेज बहादुर,अखिलेश कुमार यादव,राजेश पाल आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन परिषद के जिला मंत्री देवेश कुमार यादव ने किया।

## एपीओ बनीं अपर्णा ने पाया प्रथम स्थान : उत्तराखंड लोकसेवा आयोग में किया जिले का नाम रोशन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : ईमानदारी से किया गया परिश्रम और सच्ची लगन से की गयी तैयारी प्रत्येक प्रतियोगिता और परिस्थिति में अपना लक्ष्य प्राप्त कर लेती है. इसकी अनूठी मिसाल पेश कर पिहानी की अपर्णा अवस्थी निधि ने अपने परिवार के साथ जनपद का नाम भी रोशन किया है. सुश्री अवस्थी ने लोक सेवा आयोग उत्तराखण्ड की सहायक अभियोजन अधिकारी पर राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद की प्रतिभा के रूप में ऐतिहासिक काम कर दिखाया. जिससे उनके पैतृक कस्बा पिहानी से लेकर परिवारजनों और जनपद भर के परिचितों ने खुशी जताते हुये उन्हें नयी ऊंचाइयों के अभिनव आयाम गढ़ने की शुभकामनाएं दीं। पिहानी के ब्लाक प्रमुख कुशी वाजपेयी, सुश्री अवस्थी पारिवारिक सदस्य प्रदीप अवस्थी, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश महासचिव अवनिकांत बाजपेयी, आप और हम चेतना मंच के संयोजक कमलेश पाठक व अध्यक्ष अनिल सिंह, ब्राह्मण चेतना परिषद के जिलाध यक्ष अनिल दीक्षित, श्री सरस्वती सदन की लाइब्रेरियन सीमा मिश्र, कवयित्री कंचन वाजपेयी, भाजपा नेता पारुल दीक्षित सहित क्षेत्र और अधिवक्ताओं ने खुशी जताते हुए शुभकामनाएं दीं। सहायक अभियोजन अधिकारी बनीं अपर्णा अवस्थी की बहन ऋचा अवस्थी पीसीएस जे में चयनित होकर जालौन–उरई में जज हैं और पिता कुलदीप अवस्थी नगर निगम प्रयागराज कर अधीक्षक के रूप में सेवारत हैं। पिहानी के अवस्थी परिवार का शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र से उच्च स्तर का जुड़ा रहा. जिसमें जुड़े प्रो. हरिकृष्ण अवस्थी लखनऊ विवि के कुलपति रहे और तीन दशक तक स्नातक क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य रहकर देश–प्रदेश स्तर जनपद की ख्याति फैलाई।

## मिस एंड मिसेज यू पी क्वीन सीजन 2 में नेहा काजोल और खुशबू तथा डॉ प्रिया का हुआ सलेक्शन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के रघुवंशी होटल में फ्रेंड्स ग्रुप ट्रस्ट द्वारा आयोजित एवं रघुवंशी ग्रुप द्वारा संयोजित आगामी 19 मार्च को होने वाले मिस एंड संस यूपी क्वीन का पहला एडिशन संपन्न हुआ ऑडिशन में जौनपुर जिले भर से दर्जनों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें कैटवॉक टैलेंट राउंड क्वेश्चन आंसर मे मिसेज में डॉ प्रिया व मिस में खुशबू प्रजापति नेहा सिंह काजोल सोनकर ने शानदार प्रस्तुति करते हुए अपना स्थान फाइनल के लिए बनाया इनके अलावा 6 प्रतिभागियों पर अभी निर्णय आना बाकी निर्णायक मंडल के रूप में ज्योति कपूर डॉक्टर प्रियंवदा सिंह डॉ शैली निगम शामिल रही आयोजक मिनाज शेख ने बताया की आगामी 26 फरवरी को लखनऊ ऑडिशन के अलावा वाराणसी आजमगढ़ इलाहाबाद गाजियाबाद गोरखपुर मिर्जापुर ऑडिशन किया जाएगा जिसमें 19 मार्च को जौनपुर ग्रैंड फिनाले मे 15 मिसेज व 20 मिस कंपटीशन करेंगी जिसमें मिस और मिसेज का खिताब बॉलीवुड एक्ट्रेस द्वारा चुना जाएगा वही सलमान शेख ने बताया विजेता को 51000 कैश क्राउन गिफ्ट हैंपर



भी दिया जाएगा कार्यक्रम को सफल बनाने में जनपद के कई प्रतिष्ठान भी सहयोग के रूप में शामिल हुए इस अवसर पर आयोजन समिति के पदाधिकारी गण एवं सदस्य सरला महेश्वरी उर्वशी सिंह सोनी रघुवंशी वंशिका सिंह अर्चना सिंह आकांक्षा द्विवेदी चारू शर्मा कल्पना केसरवानी राहिल शेख हर्षवर्धन रघुवंशी इमरान इराकी ज्योति श्रीवास्तव आदर्श मैम शिवानी चौरसिया अफसाना सुधांशु सिंह मंजू सोनकर स्वराम शर्मा सुमित साहू संजय खान अमित यादव आदित्य सत्यम शाहरुख खान शिवम शर्मा के अलावा प्रतिभागी युवा उनके परिवार के लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन सलमान शेख ने किया आभार सरला महेश्वरी ने किया।

## तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटी चालक सहित तीन घायल : गौराबादशाहपुर बाईपास मार्ग पर लीलहा गांव के पास की घटना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर बाईपास मार्ग पर लीलहा गांव के पास तेज रफ्तार कार का एक्सेल टूटने से अनियंत्रित कार पलट गई। जिससे कार में बैठे तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार हेतु सीएचसी चोरसंड भिजवाया गया। मिर्जापुर जनपद के कोतवाली अंतर्गत जेपी पुरम कॉलोनी निवासी आशीष अपने परिवार सहित आजमगढ़ जनपद के किसी रिश्तेदारी में आया था। जहां से वह सोमवार की सुबह अपने घर वापस मिर्जापुर जा रहे थे। सोमवार को सुबह लगभग साढ़े नौ बजे गौराबादशाहपुर बिथार बाईपास पर लीलहा गांव के पास तेज रफ्तार कार का अचानक एक्सेल टूट गया। जिसकी वजह से कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार पलटने की वजह से कार चालक आशीष उसमें बैठी सुनीता देवी 52 और नीलम 20 बुरी तरह से घायल हो गए। घटना में नीलम का हाथ टूट गया। कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस बुलाकर उपचार हेतु सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी रही। थाना प्रभारी गौराबादशाहपुर देवानंद रजक ने बताया कि तीन घायलों को समय से उपचार हेतु भिजवा दिया गया है। उनके परिजनों को सूचना भी दे दी गई है।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रत्येक रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जयगोपालगंज, अमिहित व थानागद्दी में आरोग्य मेला के तहत इलाज किया गया, पीएचसी थानागद्दी में डॉ. सर्वेश राज व डॉ. कुनाल यादव ने 32 मरीजो का इलाज किया वही पीएचसी जयगोपालगंज में डॉ विंध यवासिनी भारती द्वारा 23 मरीजो का इलाज किया गया व पीएचसी अमिहित में डॉ. अशफाक अहमद व डॉ. प्रमोद कुमार चौहान द्वारा 24 मरीजो का इलाज करते हुए बेहतर सलाह प्रदान किया गया, इस मौके पर तीनों पीएचसी के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## अनियमितता के आरोप में दो कोटेदारों पर एसडीएम ने लगाया दस हजार का अर्थदंड

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सार्वजनिक वितरण प्रणाली में भारी अनियमितता के आरोप में पूर्ति निरीक्षक विजय साहनी की जांच के बाद एसडीएम ऋषभ पुंडीर ने दो दुकानों पर दस – दस हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। यह जानकारी पूर्ति निरीक्षक विजय साहनी ने दी है। उन्होंने बताया कि महाराजगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत तुरकौली के कोटेदार प्रदीप कुमार द्वारा पात्र गृहस्थी के कुछ कार्ड ध ाारकों से दस रूपये लेने पर भी खाद्यान्न कम देने की शिकायत थी। जिसकी जांच पूर्ति निरीक्षक विजय साहनी ने करने के बाद रिपोर्ट एसडीएम ऋषभ पुंडीर को सौंपी थी। एसडीएम ने कोटेदार पर दस हजार रुपये का अर्थदंड लगाते हुए चेतावनी दिया है कि भविष्य में पुनरावृति करने पर कोटा बर्खास्त कर दिया जाएगा। इसी क्रम में बदलापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत खानपुर के कोटेदार अरविंद कुमार मौर्या पर कार्ड ध ाारको ने आरोप लगाया था कि गेहूं में नमक मिलाकर तथा घटतौली कर खाद्यान्न दिया जाता था। कार्ड धारको ने इसकी शिकायत एसडीएम से की थी एसडीएम ऋषभ पुंडीर ने जांच के बाद कोटेदार अरविंद मौर्या पर दस हजार का अर्थदंड लगाते हुए चेतावनी दिया था कि भविष्य में ऐसा करने पर कोटा बर्खास्त कर दिया जाएगा।

## शीघ्र ही सीतापुर नेत्र चिकित्सालय का होगा कायाकल्प

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)कोतवाली नगर में स्थित सीतापुर नेत्र चिकित्सालय दो दशक से अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है।मालूम हो कि इसके संचालन के लिए ट्रस्ट बना हुआ है।जिसमें जिलाधिकारी अध्यक्ष, मुख्य चिकित्सा अधिकारी उपाध्यक्ष व सिटी मजिस्ट्रेट सचिव नामित किए गए हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि एक बार फिर सीतापुर नेत्र चिकित्सालय के दिन बहुरने वाले हैं।अभी दो महीने पहले ट्रस्ट के अध्यक्ष व जिलाधिकारी नितीश कुमार ने सीतापुर नेत्र चिकित्सालय से जुड़े अन्य पदाधिकारियों के साथ बारीकी से निरीक्षण किया था। वही इसके संबंध में ट्रस्ट के सचिव व सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह ने भी इस चिकित्सालय के कायाकल्प की पुष्टि किया है। अगर देखा जाए तो वर्ष 2003 से अभी तक इस गंभीर समस्या इस ट्रस्ट के पदाधिकारियों का ध्यान नहीं गया।जिसका नतीजा यह हुआ कि जहां एक ओर डेढ़ दशक से इस चिकित्सालय में अपनी आंखों का इलाज कराने आने वाले मरीजों का मोह भंग हो गया। वही मरीजों के न आने से यहां पर आय न होने के चलते समय समय पर चिकित्सकों व कर्मियों को वेतन नहीं मिल रहा था। जिसके चलते उनका भी यहां से मोहभंग होने लगा।मालूम हो कि जिले का प्रसिद्ध सीतापुर नेत्र चिकित्सालय की स्थापना कोतवाली नगर क्षेत्र के रीडगंज में वर्ष 1961–62 में तात्कालिक जिलाधीश पृथ्वी नाथ चतुर्वेदी ने किया था।एक समय था जब आज से तीन दशक पहले सीतापुर नेत्र चिकित्सालय अयोध्या का सिर्फ इसी जिले में ही नहीं बल्कि आसपास के कई जिलों में नाम था।इस जिले के अलावा दूरदराज स्थित जिले के भी कई आंख से संबंधित रोगी यहां पर अपना इलाज कराने आते थे। इस चिकित्सालय में देश के बड़े से बड़े नेत्र चिकित्सक सीतापुर नेत्र जिले से नेत्र चिकित्सक की तैनाती इस चिकित्सालय में होती थी।परंतु जैसे जैसे दिन बीतते गए इस ट्रस्ट में शामिल अधिकारियों के ढुलमुल रवैया के चलते मरीजों का आना कम हो गया और धीरे–धीरे नेत्र संबंधी रोगियों का इस चिकित्सालय से मोहभंग हो गया।दो दशक से आज तक सीतापुर नेत्र चिकित्सालय अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है।इस चिकित्सालय में काम करने वाले कर्मियों को सेवानिवृत्त हुए कई वर्ष हो गये उनकी पेंशन तो छोड़िए सूत्रों के मुताबिक उनको कई वर्षों का वेतन तक नहीं मिला हुआ है।वही दशा अभी कुछ एक दो कर्मी जो यहां पर हैं उनका भी छः सात वर्ष से वेतन तक नहीं मिला।टूटे बेड, जर्जर छत व दरवाजे, खुली वायरिंग,गंदगी का अंबार, खराब जनरेटर,धूलखाती बक्स आदि, वार्ड और कार्यालय के टूटे फर्श व जमीन इस चिकित्सालय की प्रमुख समस्या बन चुकी है।मजे की बात तो यह है जहां एक ओर सीतापुर नेत्र चिकित्सालय में चारों ओर अव्यवस्था का अंबार है, वही कोतवाली नगर पुलिस अपनी कमियों को छुपाने के लिए कोतवाली नगर में जितने भी नीलाम के लिए पड़ी कंडम गाड़ियां हैं उनको भी इसी चिकित्सालय परिसर में लाकर खड़ा कर दिया है।जो इसकी शोभा बढ़ा रही है।इसी चिकित्सालय में अलीगढ़ पुलिस चौकी भी है।इस ट्रस्ट के परिसर में लगभग 26 दुकानें हैं जिसका किराया लगभग 500 से 1000 रुपए है। दुकानदारों का भी कहना है जिसमें से आधे से अधिक का मुकदमा चल रहा है और जो शेष है वह ट्रस्ट के खाते में बैंक में जाता है।सीतापुर नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट के अध्यक्ष व जिलाधकारी नीतीश कुमार द्वारा अन्य पदाधिकारियों के साथ इस चिकित्सालय का निरीक्षण किया।और इसे फिर से चालू होने के लिए प्रयास किया है।इसकी पुष्टि सीतापुर नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट से जुड़े सचिव और सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह ने करते हुए कहा कि इसके जीर्णोद्धार के लिए इस चिकित्सालय में नेत्र चिकित्सकों व कर्मियों के नियुक्ति के लिए अभी जनवरी के पहले सप्ताह में इस चिकित्सालय से जुड़े अन्य कर्मी आए थे।उन्होंने बताया कि इसके जीर्णोद्धार व विकास के लिए रणनीति बनाने के लिए फरवरी के अंतिम सप्ताह या मार्च के पहले सप्ताह में ट्रस्ट के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ एक बैठक होने जा रही है।जिसमें सीतापुर नेत्र चिकित्सालय से जुड़े कई समस्याओं को दूर करने के लिये चर्चा होगी।कुल मिलाकर इस चिकित्सालय को एक बार फिर से संचालित किये जाने का प्रयास किया जा रहा है।



## जैगुआर ग्रुप के सामान ग्राहकों की पहली पसंद –मनीष चौरसिया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जैगुआर ग्रुप के सामान ग्राहकों द्वारा ज्यादातर पसंद किए जा रहे हैं इनकी क्वालिटी बेहतर डिजाइन लोगों को खूब भा रही है। जैगुआर ग्रुप द्वारा बनाए जा रहे नार्मल रेंज की बाथ फिटिंग, सैनिटरी वेयर, एक्सक्लूसिव वाटर हीटर, लेटेस्ट फ्लशिंग सिस्टम, स्टाइलिश शावर, एनक्लोजर व अन्य सामान तमाम शोरूम में उपलब्ध है। यही कारण है कि ग्रुप के प्रत्येक आइटम की जिले में ही नहीं पूरे देश में जबरदस्त मांग बढ़ी है।इस कंपनी की स्थापना 1960 में हुई थी कंपनी अपने मजबूत और टिकाऊ सामानों की विश्वसनीयता के कारण आज भी मार्केट में अपनी पकड़ बनाए हुए हैं। उक्त जानकारी चौरसिया पेंट के प्रोपराइटर मनीष नारायण चौरसिया ने पत्रकारों से बात करते हुए कही साथ ही उन्होंने बताया कि जैगुआर ग्रुप अपने ग्राहकों को संतुष्ट करने के लिए हमेशा प्रयासरत है इसके लिए कंपनी ने शिकायत दर्ज करने के लिए अलग से प्रकोष्ठ खोल रखा है जो 24 घंटे ग्राहकों की सेवा में तत्पर है कंपनी का दावा है कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उसका त्वरित निराकरण किया जाता है



चौरसिया प्रतिष्ठान के मालिक होने के साथ–साथ समाजसेवी भी हैं जो समय–समय पर लोगों की विभिन्न तरीकों से मदद करते रहते हैं इस अवसर पर उनके सहयोगी निर्भय सिंह अन्य स्टाफ के लोग मौजूद है।

## ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में सदर तहसील में आए हुए फरियादियों की समस्याओं का किया गया निराकरण

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : सदर तहसील सभागार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर नेहा बंधु की अध्यक्षता में आए हुए फरियादियों की समस्याओं का निराकरण किया गया। शासन के निर्देशानुसार महीने के पहले व तीसरे शनिवार को संपूर्ण समाधान तहसील दिवस आयोजित कर एक छत के नीचे जनपद स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में आए हुए फरियादियों की समस्याओं का निराकरण किया जाए अगर शनिवार के दिन छुट्टी पड़ जाती है तो अगले वर्किंग डे के दिन तहसील दिवस आयोजित कर फरियादियों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा जिसके अनुपालन में आज तहसील सदर सभागार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर नेहा बंधु के अध्यक्षता में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को बारी–बारी से सुना गया संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता युक्त बिना किसी भेदभाव के निराकरण करने का निर्देश दिया गया एसडीएम ने कहा कि किसी भी फरियादी को बेवजह अपने कार्यालय या तहसीलों का चक्कर ना लगाएं फरियादी को न्याय संगत न्याय देने का कार्य करें जिससे फरियादी को बार बार तहसीलों का चक्कर ना लगाना पड़े जिन समस्याओं का आज निस्तारण नहीं हो पाया है अगले संपूर्ण समाधान दिवस से पूर्व आज आए हुए फरियादियों की समस्याओं का निराकरण हो जाना चाहिए जमीनी विवाद के मामले में एसडीएम ने तहसील सदर कर्मचारियों को



निर्देशित किया कि पुलिस बल के साथ ही मौके पर पहुंचकर समस्याओं का निराकरण करें। आज तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में प्रमुख रूप से ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर नेहा बंधु ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाश्वत त्रिपुरारी तहसीलदार सदर विकास कुमार सिंह नायब तहसीलदार वशिष्ठ वर्मा नायब तहसीलदार विकास कुमार नायब तहसीलदार देवेंद्र यादव नायब तहसीलदार प्रमोद श्रीवास्तव नायब तहसीलदार अरविंद पांडेय सहित अन्य संबंधित कानूनगो लेखपाल व जिला के अधिकारी तहसील सदर सभागार में मौजूद रहे।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा शक्ति विहार कालोनी अयोध्या द्वारा मनाया गया शिव जयंती समारोह

अयोध्या (डीकेयू लाईव ब्यूरो सुरेन्द्र कुमार): ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की तरफ से आयोजित महाशिवरात्रि पर्व पर स्थानीय शाखा शक्ति विहार कॉलोनी एवं तिरुपति होटल अयोध्या में कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें आश्रम की संचालिका बीके अलका बहन एवं बीके मुकेश भाई ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। बीके अलका बहन ने शिवरात्रि के महत्व को समझाते हुए कहा कि हम जो पांच पदार्थ परमात्मा शिव को अर्पित करते हैं हम उसके आध्यात्मिक रहस्य को जानकर अब शिव पिता पर हम अपने अंदर की कमी कमजोरियों बुराइयों को भगवान पर अर्पित करें, शिव परमात्मा से अपने मन का सच्चा नाता जोड़ कर अपने मन के बुराई रूपी अहंकार को खत्म करें, तथा बीके अलका बहन ने सभी से बुराई त्यागने का लिखित संकल्प पत्र लिखा कर शिव परमात्मा को अर्पित कराया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में अयोध्या शिव मंदिर नया घाट तुलसी उद्यान के महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने अपना आश्वासन दिया एवं शिव आरती करके कार्यक्रम संपन्न कराया साथ ही श्री राम नाम का जाप भी कराया और शिवरात्रि पर संबोधन भी किया कि शिव भगवान किसी भी रूप में सब के भक्ति भाव को स्वीकार करते हैं।

उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जिला जज जनपद बस्ती चंद्रशीला बहन व तिरुपति होटल के कृष्ण कपूर सामाजिक कार्यकर्ता भाटी बहन, अनिता बहन एवं समस्त ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय परिवार सम्मिलित रहा। कार्यक्रम की शुरुआत में दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम बीके मुकेश भाई







एवं जिला जज बस्ती चंद्रशिला बहन, कृष्ण कपूर भाई व अन्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की तरफ से किया गया जिसकी अयोध्या की जनता में काफी चर्चा रही।

## 310 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार : भेजा गया जेल

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बल्दीराय पुलिस ने 310 ग्राम स्मैक के साथ थाना क्षेत्र के पूरे नरेश पांडे रैंचा मोड़ के पास से स्मैक तस्कर विजेंद्र कुमार उर्फ अतुल कुमार पांडे को गिरफ्तार किया है।पुलिस के मुताबिक, गश्त के दौरान पूरे नरेश पांडेय रैंचा मोड़ के पास एक युवक को आते देख रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगे। इस दौरान वह गिर गई।युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके बैग से 310 ग्राम स्मैक वरामद हुआ।आरोपी ने अपना नाम विजेंद्र कुमार उर्फ अतुल कुमार पांडेय पुत्र जगदीश प्रसाद पांडेय निवासी पूरे नरेश मौजा रैंचा थाना बल्दीराय बताया,जो एक शातिर अपराधी है ,जो हाल में ही जेल से छूट कर आया था, जिसके विरुद्ध कई आपराधिक मामले पहले से भी दर्ज है। थानाध्यक्ष अमरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि बरामद स्मैक की 10 लाख बताई जा रही हैं।तस्कर विजेंद्र कुमार पांडेय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया।अभियुक्त की



गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में इंस्पेक्टर अमरेन्द्र बहादुर सिंह,देहली चौकी इंचार्ज हरिश्चन्द्र चौकी,दारोगा राकेश कुमार पाण्डेय,कांस्टेबल दीपक कटियार, कृष्ण कुमार, रोहन कुमार, दीपक सागर व रविशंकर मौर्या ने अहम भूमिका निभाई।

## रफ्तार का कहर : ट्रक ने बाइक सवार दंपति को रौंदा मौत

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : '–लखनऊ–वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक ने बाइक सवार दंपत्ति को रौंदा। पत्नी की मौके पर मौत,जिला अस्पताल ले जाते समय पति ने भी दम तोड़ा। बच्चों को संरक्षित करते हुए बगल से गुजर रही एसडीएम लंभुआ वंदना पांडे ने अपने वाहन में बैठाया,पहुंचाया जिला अस्पताल। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी रवीश गुप्ता पहुंचे जिला अस्पताल। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एससी कौशल को दिए उपचार कराने के निर्देश। लंभुआ कोतवाली के मदनपुर पनियार के निकट हुई घटना। घटना से हाईवे पर लगा स्थानीय लोगों का जमावड़ा। कोतवाल शिवाकांत त्रिपाठी




बोले,ट्रक को लिया गया हिरासत में मुकदमा दर्ज की जा रही विधिक कार्रवाई।

## उप निर्वाचन सम्पन्न कराये जाने हेतु समय सारिणी के अनुसार कार्यक्रम जारी

जौनपुर सू.वि. : जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 लखनऊ की अधिसूचना द्वारा ग्राम पंचायतों के प्रधानों एवं सदस्यों के वैधानिक रुप से रिक्त पदों/स्थानों (जो मा0 न्यायालय के स्थागनादेश से बाधित न हो) पर उप निर्वाचन सम्पन्न कराये जाने हेतु समय सारिणी के अनुसार कार्यक्रम जारी किया गया है। नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने का अन्तिम दिनांक 20 फरवरी 2023 को पूर्वान्हन 10.00 बजे से अपरान्ह् 04.00 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 21 फरवरी 2023 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से कार्य की समाप्ति तक, उम्मीदवारी वापस लेने का दिनांक 22 फरवरी 2023 पूर्वान्ह 10.00 बजे से अपरान्ह् 03.00 बजे तक, प्रतीक आवंटन 22 फरवरी 2023 को अपरान्ह् 03.00 बजे से कार्य की समाप्ति तक, मतदान 02 मार्च 2023 को पूर्वान्ह 07.00 बजे से अपरान्ह 05.00 बजे तक, मतगणना 04 मार्च 2023 को पूर्वान्ह् 08.00 बजे से कार्य की समाप्ति तक होगा। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन अधिकारी के स्तर से सूचना 16 फरवरी 2023 को जारी कर दी गयी है और उसी दिन से नामांकन पत्रों के विक्रय प्रारम्भ हो जायेंगे। उपर्युक्त उप निर्वाचन में नामांकन पत्रों का विक्रय, नामांकन पत्रों के दाखिल करने, उनकी जॉच करने, उम्मीदवारी वापस लेने, चुनाव चिन्ह आवंटन तथा मतगणना का कार्य सम्बन्धित क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर होगा। परिणाम की घोषणा भी सम्बन्धित क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर की जायेगी। पंचायतों के उप निर्वाचन की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र पंचायत मुख्यालय, जहां नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने से लेकर प्रतीक आवंटन की कार्यवाही की जानी है, पर शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने हेतु विकास खण्ड के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया जाता है तथा आदेशित किया जाता है कि वे पंचायत उप निर्वाचन माह फरवरी, मार्च–2023 में अपने से सम्बन्धित विकास खण्ड मुख्यालय पर उपस्थित रहकर नामांकन से लेकर प्रतीक आवंटन तक की कार्यवाही को सकुशल एवं शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न करायेंगे। ब्लाक करंजाकला में तहसीलदार सदर पवन कुमार सिंह, ब्लाक सिरकोनी में नायब तहसीलदार सदर विक्रम पासवान, सिकरारा में नायब तहसीलदार सदर अभिनव सिंह, मड़ियाहूँ में तहसीलदार रामसुधार, रामपुर में उप जिलाधिकारी मड़ियाहूँ लाल बहादुर, रामनगर में नायब तहसीलदार मड़ियाहूँ प्रमोद कुमार यादव, बरसठी में नायब तहसीलदार मड़ियाहूँ सन्दीप सिंह, मछलीशहर में नायब तहसीलदार मछलीशहर सुश्री मीना गौड़, मुंगराबादशाहपुर नायब तहसीलदार मछलीशहर सूरज कुमार पटेल, सुजानगंज नायब तहसीलदार मछलीशहर सन्तोष कुमार, महाराजगंज तहसीलदार बदलापुर राकेश कुमार–1, शाहगंज में उप जिलाधिकारी शाहगंज अंकित कुमार, सुईथाकला में तहसीलदार शाहगंज महेन्द्र बहादुर, मुफ्तीगंज में नायब तहसीलदार केराकत हुसैन अहमद, केराकत में नायब तहसीलदार केराकत अमित कुमार को कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया जाता है।

## ग्लोबल स्टूडेंट एंटरप्रेन्योर अवार्ड में कलाकार्ट को देश में मिला दूसरा स्थान

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊः नोएडा में आयोजित ईओ की तरफ से ग्लोबल स्टूडेंट एंटरप्रेन्योर अवार्ड में स्टार्टअप कलाकार्ट को देश में दूसरा स्थान मिला है। प्रोत्साहन के तौर पर एक लाख 35 हजार




रुपये की नकद राशि दी गई। कार्यक्रम का आयोजन आईआईटी दिल्ली में किया गया। जिसमें कलाकार्ट के को– फाउंडर वीरेंद्र विक्रम सिंह ने कलाकार्ट का प्रतिनिधित्व किया। इसके साथ ही कलाकार्ट के सीईओ निखिल सिंह को देश के टॉप–3 स्टूडेंट एंटरप्रेन्योर में चुना गया। इससे पहले साल 2022 में कलाकार्ट के फाउंडर निखिल सिंह परिहार को ग्लोबल स्टूडेंट एंटरप्रेन्योर अवार्ड 2022 में यूपी के 100 से अधिक युवा उद्यमियों में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। साथ ही ईओ जयपुर द्वारा देश के टॉप 10 स्टूडेंट उद्यमियों में भी जगह बनाई थी। कलाकार्ट को लेमन आइडियाज द्वारा टॉप ग्लोबल 500 स्टार्टअप में भी स्थान मिला। सीईओ निखिल सिंह परिहार के इस स्टार्टअप को लगातार कामयाबियां मिल रही हैं। एक के बाद एक कई उपलब्धियां उनके स्टार्टअप के नाम दर्ज हो गई हैं। कलाकार्ट एक ऑनलाइन प्लेटफार्म है। जिसपर हाथ से बनी हुई पेंटिग्स, पोर्ट्रेट व स्कल्पचर्स बहुत ही किफायती कीमत पर खरीदे जा सकते है। इस स्टार्टअप से देश भर के 500 से अधिक कलाकारों को जोड़ा जा चुका है।

## संदिग्ध हालत में युवक की मिली लाश

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : संदिग्ध हालत में युवक की मिली लाश। कोतवाली नगर के विवेकनगर स्थित चांदमारी के निकट 2 घंटे से संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा रहा युवक। मृतक की पहचान



दीपक शुक्ला पुत्र स्व.गिरिजा शंकर शुक्ल निवासी विवेकनगर,चौकी निराला नगर के रुप में। स्थानीय लोगों की सूचना पर परिजन लेकर पहुंचे जिला अस्पताल, चिकित्सक ने घोषित किया मृत। नगर कोतवाल राम आशीष उपाध्याय बोले,पोस्टमार्टम की चल रही कार्रवाई।

## चोरी की कार के साथ दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार : भेजा जेल

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : हलियापुर थाना की पुलिस ने चोरी की एक कार के साथ शनिवार को दो लोगों को गिरफ्तार कर



लिया। आरोपियों की पहचान ऋषभ सिंह निवासी जोगापुर और शिवम कुमार निवासी ग्राम बिलहर घाट थाना महराजगंज जिला अयोध्या के रूप में की गई। थानाध्यक्ष राम विलास सुमन ने बताया कि आरोपियों के पास से दो तमंचे और कारतूस भी बरामद किया गया हैं।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।